सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनीक

रांची, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2026, वर्ष 10, अंक 113 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

# चाईबासा पुलिस ने खोज निकाला, नक्सलियों द्वारा लूटे गए 7050 डेटोनेटर को





**झारखंड।चाईबासा।** झारखंड के चाईबासा में कोल्हान जंगल में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा हैं इसी के तहत जंगल से 3000 शॉक ट्यूब डेटोनेटर बरामद किये गए.इस तरह के विस्फोटक का इस्तेमाल बड़ी बिल्डिंग को गिराने में होता है। नोएडा के सुपरटेक टावर को इसी तकनीक से गिराया गया था। झारखंड के चाईबासा के जंगलों में नक्सलियों के कब्जे से शॉक ट्यूब डेटोनेटर का जखीरा बरामद किया है.सुरक्षा बलों के ऑपरेशन से बैकफुट में आये नक्सली अब किसी बडी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। लेकिन सीआरपीएफ ने गुरुवार को एक ऐसे ही खतरे को टालते हुए विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया।जंगल से मिले डेटोनेटर की संख्या 3000 से ज्यादा है। शॉक ट्यूब डेटोनेटर का इस्तेमाल बहुमंजिला बिल्डिंगों को उड़ाने के लिए किया जाता है। सूत्रों के मुताबिक नक्सलियों के कब्जे से जो शॉक ट्यूब डेटोनेटर बरामद हुए हैं।. उन पर तालेगांव जिला 'वर्धा' महाराष्ट्र का पता लिखा है.


। एक सर्च ऑपरेशन के दौरान सीआरपीएफ..ने चाईबासा के कोल्हान जंगलों से 'शॉक ट्यूब डेटोनेटर' बरामद किए हैं। सुपरटेक टावर को गिराने में इस्तेमाल हुआ था शॉक ट्यूब डेटोनेटर

अगस्त 2022 में नोएडा स्थित सुपरटेक ट्विन टवर को गिराने के लिए 'शॉक ट्यूब डेटोनेटर' तकनीक... का ही इस्तेमाल किया गया था। नक्सलियों के कब्जे से मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में इस बात को लेकर मंथन चल रहा है कि आखिर?

यह प्रश्न हैं ।नक्सली कहां से इतना डेटोनेटर कैसे प्राप्त कर लेते कर रहे हैं।बुधवार को भी सुरक्षाबलों ने नष्ट किए 3 आईईडी

बुधवार को भी नक्सली संगठन खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों को कोल्हान जंगल के टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम जिम्की इकीर के आस-पास जंगली के पहाड़ी क्षेत्र से 3 आईईडी विस्फोटक मिले थे।यह आईईडी सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के मकसद से लगाए. गए थे.।बरामद आईईडी को उसी जगह बम निरोधक दस्ता ने नष्ट कर दिया था।

# अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को मिली बड़ी राहत





**ब्यूरो, रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में भाजपा नेता अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई।

सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अदालत ने इस मामले में शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 13 जून को होगी।

चाईबासा की एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसके खिलाफ उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। पूर्व में अदालत ने गैर जमानती वारंट पर एक माह के लिए रोक लगा दी थी।

अदालत ने राहुल गांधी को कानून के अनुसार कोर्ट में उपस्थित होने के लिए समुचित कदम उठाने का भी निर्देश दिया था।

यह है पूरा मामला

बता दें कि वर्ष 2018 में दिल्ली हुए कांग्रेस के अधिवेशन में राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा में एक हत्या का आरोपित भी अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है।

इसको लेकर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में शिकायतवाद दाखिल की है। जिसमें कहा गया है कि ऐसे बयान से पार्टी की छवि खराब हुई है। इसलिए राहुल गांधी के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की जाए।

इस मामले में निचली अदालत ने 27 फरवरी 2024 को राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

# गांडेय से चुनाव लड़ेंगी कल्पना सोरेन



**ब्यूरो, रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को गांडेय विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी घोषित किया है। झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के निर्देश पर महासचिव विनोद पांडेय ने गुरुवार को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की। इस निर्णय के साथ ही जमशेदपुर गठबंधन प्रत्याशी को लेकर चल रहे अटकलों का दौर भी समाप्त हो गया है।समीर मोहंती का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो से होगा। यह भी उल्लेखनीय है कि विद्युत वरण महतो बहरागोड़ा के विधायक रहे हैं। गांडेय में 20 मई और जमशेदपुर में 25 मई को मतदान होगा।पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद कल्पना सोरेन तेजी से राजनीतिक फलक पर उभरी हैं। उन्होंने आइएनडीआइए की मुंबई, दिल्ली और रांची में हुई रैलियों में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। गिरिडीह में पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी।

गांडेय सीट डॉ. सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद उपचुनाव की नौबत आई है। एमटेक और एमबीए की उच्च शैक्षणिक योग्यता कल्पना सोरेन के पास है। उनकी स्कूली शिक्षा ओडिशा के बारीपदा से हुई है।भुवनेश्वर के अलग-अलग संस्थानों से उन्होंने इंजीनियरिंग और एमबीए की डिग्री हासिल की। वह हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर मुखर हैं और इसके विरुद्ध लगातार राजनीतिक मंचों से आवाज उठा रहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने इसी वर्ष 31 जनवरी को मनी लांड्रिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया था।झामुमो ने लोकसभा चुनाव में विधायकों पर दांव लगाया है। पांच संसदीय सीटों में से चार पर पार्टी ने विधायकों को चुनाव मैदान में उतारा है।

दुमका से शिकारीपाड़ा के विधायक नलिन सोरेन, गिरिडीह से टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सिंहभूम से मनोहरपुर की विधायक जोबा मांझी और जमशेदपुर से बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती चुनाव मैदान में हैं। राजमहल सीट पर झामुमो ने निवर्तमान सांसद विजय हांसदा को फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। 29 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगी। उनका मुकाबला भाजपा के दिलीप वर्मा से होगा। उधर, जमशेदपुर संसदीय सीट से पार्टी ने बहरागोड़ा के विधायक समीर महंती को उम्मीदवार बनाया है।

# भ्रष्ट एई और उसके आका एसई ने मिलकर कर दिया एक और कारनामा ,हो गया खुलासा

**ब्यूरो रिपोर्ट :-**





खबर उत्तराखंड के सबसे भ्रष्ट विभाग एमडीडीए से है जहा पर जमे भ्रष्ट अधीक्षण अभियंता और भ्रष्ट एई ने मिलकर भ्रष्टाचार की खुली गंगा बहा रखी है एसा हम नही कह रहे है बल्कि विभाग में इस तरह की चर्चाएं अब आम हो चुकी है जिसमें लगातार भ्रष्ट अधीक्षण अभियंता और सहायक अभियंता की पोल खुलती नजर आ रही है ताजा मामला एक और सामने आय़ा है जिसमें शिकायत में बताया गया है की एमडीडीए में तैनात एई प्रशान्त कुमार सेमवाल और उनके आका अधीक्षण अभियंता हरिचंद सिंह राणा द्वारा विकासनगर मेन रोड पर कुन्दन लाल के नाम से एक फ़ाइल जिसका नंबर C-0097/22-23 है जिसका व्यवसायिक मानचित्र पास किया गया था। जिसमें एई के द्वारा सैट बैक एरिया में लिफ्ट बनवा दी जबकि नियमतः विभाग के नियम ही कहते है कि सैट बैक को तो खुला छोडा जाता है फिर भी एई महोदय और उनके आका अधीक्षण अभियंता को नियमों से ज्यादा आरोप है की इन्हें सिर्फ पैसा दिखाई देता है। बडी गलती तो इस फाईल में यह की गयी है जिसको कोई देख भी न पाए। कूछ आर्किटेक्ट और विशेषज्ञों से बात करने पर पता चला की एमडीडीए के बाईलोज में प्लाट की गइराई ज्यादा होने पर Notional प्लाट एरिया अर्थात 1:3.50 का रेशियो छोडना होता है लेकिन इसे यहा पर नजरअंदाज कर दिया गया यही नही आरोप है ना जाने कितने सैकडों नक्शे ऐसे है जिन्हें बिना देखें ही बस आरोप है की पैसे मिलने पर तत्काल पास कर दिया जाता है। ये कोई पहला मामला नही है ऐसे ना जाने कितने मामलें है जिसमें सभी अभियंताओं के आका के सहयोग से भ्रष्टाचार चरम पर है और उनका आका कोई और नही बल्कि भ्रष्ट अधिकारी अधीक्षण अभियंता हरिचंद सिंह राणा है आरोप है जिसने विभाग को अपने इशारों पर चलाने का कार्य करता है और अपने परिवार के विभिन्न लोगो को प्राधिकरण में कब्जा दिला रखा है जल्द ही देखिये बडा खुलासा हमारी मुहिम ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ लगातार जारी रहेगी। पढते रहिये अगली कडी में खुलासा

# जेईई मेन में जे०वी०एम, श्यामली के प्रियांश प्रांजल बने स्टेट टॉपर



**रांची।** जॉइंट इंटेंस एग्जाम : अप्रैल 2024 का परीक्षा परिणाम आते ही जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के छात्रों में खुशी की लहर दौड गई। विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र प्रियांश प्रांजल ने 100 पर्सेंटाइल लाकर विद्यालय और झारखंड के स्टेट टॉपर बने। इनका ऑल इंडिया रैंक 30वाँ है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल और 125 से अधिक छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रौशन किया है।

इनमें से कुछ नाम इस प्रकार हैं - सौरभ कुमार (99.98 पर्सेंटाइल), शौर्य कुमार (99.70 पर्सेंटाइल), नेहल अग्रवाल (99.53 पर्सेंटाइल), अर्णव दत्ता (99.52 पर्सेंटाइल), तानिष तन्मय (99.48 पर्सेंटाइल), ओमकार सिंह (99.44 पर्सेंटाइल), हर्षित कुमार (99.30 पर्सेंटाइल), अक्षय आंनद (99.29 पर्सेंटाइल), राज आर्यन (99.18 पर्सेंटाइल), अनिकेत सेन गुप्ता (98.20 पर्सेंटाइल), सुजॉय कुमार घोष (97.86 पर्सेंटाइल), अनीश कुमार (97.79 पर्सेंटाइल), क्षितिज आर्यन (97.77 पर्सेंटाइल), अदिति राज (97.76 पर्सेंटाइल), चंदन राज यादव (97.65 पर्सेंटाइल), अमर हंस (96.11 पर्सेंटाइल), नासिर यूसुफ (95.81 पर्सेंटाइल), आनंद वशिष्ठ (94.33 पर्सेंटाइल), आदि।

प्राचार्य श्री समरजीत जाना ने सफल छात्रों को खुशी के मौके पर मिठाई खिलाई और इस सफलता का श्रेय सभी टीचिंग फैकल्टी और छात्रों को देते हुए कहा कि सफलता शिक्षक और छात्रों की मेहनत और लगन का सही समिश्रण है। इस सफलता को पाने के लिए दोनों को कार्य करने होते हैं। इसकी शुरुआत होती है विद्यालय से। श्यामली हमेशा से छात्रों के लिए उर्वरा-भूमि रही है जिसकी पृष्ठभूमि में हमारी उम्दा टीचिंग फैकल्टी है जिसका वास्तविक स्वरूप जेईई मेन की सफलता के रूप में दिखाई दे रही है। बच्चे कहीं भी पढें, विद्यालय में ही पढें। यहीं बच्चे धक्के खाकर जीवन में अनुशासन, सॉफ्ट स्किल और हार-जीत का ककहरा सीख पाते हैं। हमारे विद्यालय में नॉन-अटेंडिंग छात्रों के लिए जगह नहीं है।

वहीं प्रियांश प्रांजल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को देते हुए अपने सभी सफल सहपाठियों को शुभकामानाएँ दी। उन्होंने कहा कि शुरू से ही मैंने JEE को अपना लक्ष्य बना लिया और प्रति दिन 10-12 घंटे पढाई करता रहा। इसमें विद्यालय के शिक्षकों का सतत् और आपेक्षिक सहयोग रहा। परीक्षा के सभी प्रश्न-पत्र ऐसे थे जिसका कॉन्सेप्ट हमें विद्यालय में ही समझाया गया था। नियमित रूप से विद्यालय की कक्षा में उपस्थित रहने, मॉक टेस्ट देते रहने और निरंतर अभ्यास करने से मेरी राह आसान बन पडी है। जो असफल हो गए हैं उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, वे फिर से प्रयास करें।

# समय सीमा समाप्त,AE और SE ठको वीसी साहब ने बचाया ? अब किसान देंगे ऐसे जवाब .....

**ब्यूरो रिपोर्ट- देहरादून**



खबर उत्तराखंड के सबसे भ्रष्ट विभाग एमडीडीए से जहा पर आलम ये है की खुलेआम भ्रष्ट अधिकारी कार्य कर रहे है लेकिन जिम्मेदार सो रहे है ऐसा हम नही कह रहे है बल्कि इस खबर को पढने के बाद आप भी यही कहेंगे दरअसल भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्टीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा ने एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी से मुलाकात करके एमडीडीए में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी दी थी उन्होने बताया था की लगातार एमडीडीए विभाग से जुडी खबरे सामने आ रही है यहा पर तैनात एई प्रशांत सेमवाल और अधीक्षण अभियंता हरिचंद सिंह राणा के काले करतूतों का लगातार खुलासा हो रहा है बावजूद कोइ एक्शन नही लिया जा रहा है और किसान संगठन ने दस दिन का समय दिया था की अगर दस दिनों के अंदर भ्रष्ट एई प्रशांत सेमवाल और अधीक्षण अभियंता के खिलाफ कार्यवाई नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन एमडीए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी होगी। हालांकि दिये गये समय पूरे हो चूके है लेकिन एमडीडीए में जिस तरह परिवारवाद अधीक्षण अभियंता के द्वारा फैलाया गया उसपर अभीतक कोई कार्यवाई नही हुई जो की चिंता का विषय है जहा एक तरफ उत्तरखंड में बेरोजगारी है तो वही दूसरी तरफ इस तरह से अपने ही परिवार को आउटसोर्सिंग के जरिये भर्ती करना गलत है बीते दिनों शिकायत में अधीक्षण अभियंता के सगे भतीजे मनीष रावत के जेई पद पर कार्यरत होने पर सवाल उठाया गया था और सेमवाल के गलत फाइलों के विषय बारे में भी ।बावजूद वीसी साहब कुम्भकर्णी नींद सो रहे है और नियति तिथि के बाद भी कोई एक्शन नही लिया इसको लेकर भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्टीय अध्यक्ष ने जानकारी दी है की जल्द ही सभी किसानों की बैठक बुलाई जाएगी और उसमें आगे की रणनीति आगे की तैयार की जाएगी और जल्द ही एमडीडीए कार्यालय के गेट पर तालाबंदी करके धरना प्रदर्शन किया जाएगा ,और भ्रष्ट अधिकारियों का पुतला दहन किया जाएगा जिसके जिम्मेदार शासन प्रशासन और खुद एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी होंगे।

# चमरा लिंडा के एक्शन से झामुमो में खलबली, पार्टी ने दे दी चेतावनी





**ब्यूरो, रांची।** : झारखंड में सत्तारूढ़ क्षेत्रीय दल झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही उन्होंने पार्टी को झटका दिया। उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय किया। भाजपा ने उन्हें दुमका से घोषित प्रत्याशी को हटाकर चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा की। फिलहाल वह झामुमो के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं।पार्टी के दो अन्य विधायकों चमरा लिंडा और लोबिन हेम्ब्रम की चाल टेढ़ी हो गई है। चमरा लिंडा बिशुनपुर से पार्टी के विधायक तो हैं लेकिन वे पार्टी लाइन से अलग चलने में माहिर हैं।

शीर्ष नेतृत्व का भी उनपर ज्यादा नियंत्रण नहीं रहता। वह अपनी पसंद से खुद की राजनीतिक दिशा तय करते हैं।चमरा लिंडा के रुख से झामुमो के रणनीतिकार भी परेशान हैं। बुधवार को उन्होंने लोहरदगा में पार्टी नेतृत्व की इच्छा के विरुद्ध नामांकन कर दिया।

शेयरिंग के तहत यह सीट कांग्रेस के खाते में गई है और महागठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर यहां से सुखदेव भगत चुनाव लड़ रहे हैं। अब चमरा लिंडा उन्हीं के विरुद्ध मैदान में खड़े हैं।

आरंभ में झामुमो ने क्षेत्र में अपने विधायकों के ज्यादा होने का हवाला देते हुए लोहरदगा संसदीय सीट पर दावेदारी की थी, लेकिन बात नहीं बनी। झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम भी कुछ ऐसी ही चुनौती पेश कर रहे हैं। वे झामुमो के शीर्ष नेतृत्व खासकर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की आलोचना करने का एक भी मौका नहीं चूकते। पहले उन्हें उम्मीद थी कि भाजपा उन्हें राजमहल से प्रत्याशी बनाएगी, लेकिन बात नहीं बनी।

झामुमो ने भी अपने निवर्तमान सांसद विजय हांसदा पर भरोसा जताया। ऐसे में लोबिन चुनाव मैदान में उतरने को तैयार हैं। दल में बागियों की बढ़ती तादाद ने झामुमो के शीर्ष नेतृत्व को असहज भी किया है। हालांकि पार्टी नेतृत्व इनके विरुद्ध कार्रवाई से बच रहा है। कहा जा रहा है कि दोनों विधायकों का रुख देखते हुए निर्णय किया जाएगा।चमरा के खिलाफ झामुमो ले सकता है एक्शन

सत्तारूढ़ झामुमो को उम्मीद है कि लोहरदगा से निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वाले विधायक चमरा लिंडा नामिनेशन वापस ले सकते हैं। बुधवार को झामुमो के केंद्रीय कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव में नामांकन पत्र कोई भी दाखिल कर सकता है।

अभी नामांकन वापस लेने का समय भी दोनों तरफ से है।

# स्वीप के तहत मतदान जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

## जेवियर्स कॉलेज, रांची सभागार में कार्यशाला को आयोजन | छात्रों को चुनावी प्रक्रिया एवं मतदान की दी गयी जानकारी









**राँचीः** स्वीप के तहत संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में इलेक्टोरल लिटेªसी क्लब की मतदान जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 63-रांची विधानसभा क्षेत्र सह अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, प्रिंसिपल संत जेवियर्स कॉलेज फादर नाबोर लकडा एवं कॉलेज के छात्र उपस्थित थे।

कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया गया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में युवाओं के साथ सभी स्टेक होल्डर्स की भागीदारी से मतदान प्रतिशत बेहतर हो सकता है, इलेक्शन मशीनरी द्वारा लगातार इस संबंध में प्रयास किये जा रहे हैं। श्री राहुल सिन्हा ने कहा कि रांची जिला में मतदान से पहले घर-घर तक वोटर स्लिप पहुंचाया जायेगा, वोटर लिस्ट में नाम होने पर मतदाता इपिक के अलावा अन्य 12 में से कोई भी दस्तावेज दिखाकर वोट कर सकते हैं।

नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों को चुनाव से संबंधित विभिन्न ऐप्स एवं उनके उपयोग के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश होता है, लोगों को इस बारे में बताये और परिवार के साथ बूथ तक पहुंचकर वोट करें। सहायक निर्वाची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र सह अनुमण्डल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के योग्य नागरिक अब 26 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में अपना नाम जुडवा सकते हैं।

कॉलेज के छात्रों ने कार्यशाला के दौरान इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लव को प्रमोट करने के बारे अपने सुझाव दिये। छात्रों से चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सवाल भी पूछे गये और सही जवाब देनेवालों छात्रों को उपहार भी दिया गया। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा रांची वोटर्स ऐंथम बनाने वाली टीम के क्रिएटिव डॉयरेक्टर शादाब हसन, सिंगर नेहा कौर और लिरिसिस्ट अमित परिहार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मतदाता जागरुकता हेतु कला दल द्वारा नुक्कड नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

## कल दिनांक-26 अप्रैल 2024 को सुबह 6 से 9 बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु कैंप का आयोजन




**मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु कल एक दिन का समय**

**रांची***"कल दिनांक-26 अप्रैल 2024 को सुबह 6 से 9 बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु कल एक दिन समय।

आपको जानकारी हो की आज सुबह 6 से 9 बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें -118 नये मतदाता फॉर्म लेकर गए। कल भी सुबह 6 से 9 बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने भी कैंप लगेगा। जो लोग अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ पाए हैं। वे आयु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ कल एक फॉर्म भर सकते हैं।

## दो आईपीएस का तबादला, चंदन झा बने स्पेशल ब्रांच के एसपी




**रांची।** चुनाव आयोग की सहमति के बाद राज्य सरकार ने दो आईपीएस का तबादला किया है। जेएपीटीसी पदमा एसपी के पद पर पदस्थापित चंदन झा को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है। वहीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप-1 कमांडेंट बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना गुरुवार की देर शाम जारी कर दी गई है।

## हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार



**रांची।** रांची की सदर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में मोइन अंसारी और गुलबसर अंसारी के नाम शामिल हैं। दोनों ठाकुर गांव थाना क्षेत्र के मनातू गांव के रहने वाले हैं। इनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो बदमाश हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना के बाद सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन और सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़गाई स्थित छठ तालाब के पास बाइक से जा रहे दो युवकों को पकड़ा। तलाशी लेने पर इनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया।

## मतदान के लिए दो लाख प्रवासी मजदूरों से संपर्क साधेगा चुनाव आयोग



**रांची।** चुनाव आयोग झारखंड के प्रवासी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेगा। इसे लेकर गुरुवार को चुनाव आयोग कार्यालय में श्रम विभाग के साथ बैठक कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रवासी मजदूरों का डेटा आयोग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्रम विभाग की ओर से बैठक में बताया गया कि उनके पास 1 लाख 70 हजार प्रवासी मजदूरों का डेटा है। उनके मोबाइल नंबर भी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को उनके मोबाइल नंबर पर बल्क मैसेज भेजकर उनसे चुनाव महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया जायेगा।

दूसरी ओर बैठक में शामिल गृह विभाग के अधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे विभिन सिक्युरिटी एजेंसियों से संपर्क कर उसमें कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास 416 सिक्युरिटी एजेंसियों का डेटा है। वे इन एजेंसियों को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजकर आयोग की मंशा से अवगत कराते हुए उनके यहां कार्यरत प्रवासी कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सिक्युरिटी एजेंसियों को आरपी एक्ट के तहत कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देते हुए मतदान में शामिल कराने के लिए प्रेरित करें।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोडा, संयुक्त सचिव गृह मनीषा तिग्गा, राकेश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## 'श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में सेमिनार



**रांची।** बीएन सरस्वती मेमोरियल लेक्चर के तहत संथाल समाज में आध्यत्मवाद विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित थे, प्रसिद्ध मानवशास्त्री और विद्या भवन विश्वविद्यालय शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल के पूर्व प्राचार्य कत ओंकार प्रसाद। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉण् तपन कुमार शांडिल्य ने की। बताया कि बीएन सरस्वती एक दशक तक भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, कोलकाता से जुडे रहे। इस लंबी अवधि में उन्होंने ग्रामीण भारत में स्थानीय स्तर पर व्यापक कार्य किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके द्वारा लिखित पुस्तकें पढने की सलाह दी, जिनमें एस्थेटिक्स ऑफ काशी महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि प्रो बीएन सरस्वती ने 1995 से 2002 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में सांस्कृतिक दिशा में यूनेस्को अध्यक्ष का पद संभाला। ओंकार प्रसाद ने प्रो बीएन सरस्वती के जीवन वृत्त पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर वक्ताओं में झारखंड ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति टीएन साहू ने कहा कि झारखंड की सभी जनजातियां प्रकृति की उपासक है। उन्होंने संथालों के धार्मिक रीति रिवाजों की चर्चा की। विश्वविद्यालय के टीआरएल विभाग के समन्वयक प्रो डॉ बिनोद कुमार ने संथाली संस्कृति को विस्तार से बताते हुए उनके धर्म और संस्कृति पर जोर दिया।

## ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों ने जेइइ में सफलता का परचम लहराया



**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों ने जेइइ में सफलता का परचम लहराया है। ब्रदर्स एकेडमी के छात्र, जिन्होंने उक्त परीक्षा में 99 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त किया है, उनके नाम हैं- देव प्रकाश, रोहन कुमार, तुषार धानुका, आकाश कुमार, तान्या चौधरी, श्रेयश संजय, मोहमद एलनाज, हर्षित आनंद, हर्षल राज, भास्कर जालान, यश कुमार, साहिल आकाश, सिद्धांत कुमार, समृद्धि केडिआ, तान्या कात्यायन, सृस्टि राज, प्रियम राज और अन्य हैं। छात्रों ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही सफलता की राह पर ला खडा किया है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने एकेडमी का गौरव बढाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का जनसंपर्क अभियान



**रांचीः** लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने गुरुवार को रातु प्रखंड का दौरा किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान सुश्री सहाय मखमंद्रो स्थित मुखिया लक्ष्मी नारायण भगत के आवास पर आयोजित बैठक में शामिल हुईं।

बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि जनता ने अवसर दिया तो संसद में उनकी आवाज बनकर जन समस्याओं के समाधान के प्रति सदैव तत्पर रहूंगी। युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित सभी वर्गों के उत्थान और समुचित सम्मान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर मुखिया लक्ष्मी नारायण भगत, संजय झा, शेख शकील अहमद, तस्लीम अंसारी, दिलीप महतो, चंपा कुमारी, बबलू हजाम, नीलू मिंज,शीला कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस ने दिया धोखा, रामटहल चौधरी देंगे इस्तीफा



**रांची।** रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी जल्द ही भाजपा में घर वापसी हो सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मुतल्लिक भाजपा के वरीय नेताओं से उनकी बातचीत चल रही है। भाजपा नेता उन्हें ससम्मान पार्टी में लाना चाह रहे हैं। इस संदर्भ में झारखंड भाजपा के दो बडे नेताओं से उनकी बातचीत हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामटहल चौधरी पहले कांग्रेस से इस्तीफा देंगे, उसके बाद ही भाजपा में घर वापसी पर विचार करेंगे।

बता दें कि अभी कुछ दिनों पहले ही रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्होंने दिल्ली जाकर कांग्रेस की सदस्यता ली थी। रामटहल चौधरी के समर्थकों को विश्वास था कि कांग्रेस उन्हें रांची से सांसद प्रत्याशी बनायेगी। वह तैयारी भी कर रहे थे, लेकिन अंतिम समय में कांग्रेस ने रांची से पूर्व सांसद और कांग्रेसी नेता सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दे दिया। यशस्विनी सहाय राजनीति में बिल्कुल नयी हैं। कांग्रेस के टिकट की घोषणा होने के बाद रामटहल चौधरी के समर्थकों को घोर निराशा हुई। खुद रामटहल चौधरी भी स्तब्ध रह गये। उनके समर्थकों का कहना है कि कांग्रेस ने रामटहल चौधरी के साथ धोखा किया है। इधर रामटहल चौधरी ने भी बुधवार को यह बयान दिया कि झारखंड में इंडी गठबध्ांन हारने के लिए चुनाव लड रहा है।

बता दें कि 2019 के पूर्व रामटहल चौधरी भाजपा के समर्पित सिपाही थे। वह तीन बार से लगातार भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत रहे थे। 2019 में उनका टिकट काट कर संजय सेठ को पार्टी ने रांची से उम्मीदवार बनाया। वह चुनाव में ढाई लाख से अधिक वोटों से विजयी हुए। उधर टिकट कटने से आहत रामटहल चौधरी निर्दलीय मैदान में उतर गये। उस चुनाव में उन्हें लगभग तीस हजार वोट मिले। उसके बाद से उनके समर्थक भी इस प्रयास में थे कि रामटहल चौधरी की घर वापसी हो जाये, लेकिन किन्हीं कारणों से बात नहीं बनी थी। इसी बीच कांग्रेस के नेताओं ने रामटहल चौधरी से संपर्क साधा और वह पंद्रह दिन पहले दिल्ली जाकर कांग्रेस में शामिल हो गये। अब टिकट नहीं मिलने के कारण वह भी आहत हैं। कांग्रेस में शामिल होते वक्त उन्हें लगा था कि उनके कद को देखते हुए पार्टी उन्हें रांची से प्रत्याशी बनायेगी, लेकिन अंतिम समय में पार्टी ने उन्हें टरका दिया। इस बीच भाजपा में उनके समर्थक कार्यकर्ताओं ने उनसे कहा कि आपका असली ठिकाना भाजपा ही है। इधर भाजपा के दो बडे नेताओं से उनकी बातचीत हुई है। प्रदेश के भाजपा नेताओं को लगता है कि रामटहल चौधरी के भाजपा में आ जाने से जो थोडे-बहुत मतदाता भाजपा से दूर हो गये थे, वे भाजपा से जुड जायेंगे। खासकर रांची के ग्रामीण इलाकों में भाजपा को लाभ होगा। रामटहल चौधरी के आने के बाद भाजपा को सोनाहातू, तमाड, इचागढ और ओरमांझी क्षेत्रों में फायदा होगा। झारखंड के कुछ और क्षेत्रों के कुर्मी मतदाताओं पर रामटहल चौधरी का प्रभाव है। भाजपा के नेताओं से उनका संपर्क हुआ है। बातचीत से लगता है कि रामटहल चौधरी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। शामिल होने के पहले वह सम्मानजनक परिणाम चाहते हैं। सूत्रों का कहना है कि रामटहल चौधरी शनिवार की शाम कांग्रेस से इस्तीफा दे देंगे। इस संदर्भ में जब रामटहल चौधरी से बातचीत की गयी, तो उनका कहना था कि अभी सोच रहे हैं। पहले कांग्रेस से वह इस्तीफा देंगे। उसके बाद ही आगे का रास्ता तय करेंगे।



**मुसलमान को गुलाम ना समझे इंडी गठबंधनः मुस्तफा** रांची। रांची लोकसभा क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोगों की बैठक कांके के नेवरी गांव में हुई। इस बैठक में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं बनाये जाने पर रोष प्रकट किया गया। बैठक में शामिल लोगों ने निर्णय लेकर 21 सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसमें पूरे लोकसभा क्षेत्र में घूमेंगे और क्षेत्र के लोगों से संपर्क करेंगे और महागठबंधन पार्टी की दोहरी नीति आम आवाम तक पहुंचायेंगे। इस मौके पर झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी, आजम अहमद, मोकतार अहमद, मुंतजीर अहमद रजा, जाकिर अंसारी, जावेद अख्तर, अत्ताउल्लाह खान, खालीक खान, मोहम्मद असलम, शमीम अली, सलीम अंसारी, शमीम बडिहार समेत अन्य मौजूद थे।

अलग पहचान



# जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के छात्रों ने एक बार फिर परचम लहराया है

**रांची।** जेइइ मेंस में झारखंड के करीब 700 विद्यार्थियों ने सफलता पायी है। इसमें देश भर से 56 अभ्यर्थियों ने 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किया है, जिसमें झारखंड के प्रियांश प्रांजल भी शामिल हैं। इस उपलब्धि के साथ प्रियांश झारखंड टॉपर भी बने हैं। जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के छात्रों ने एक बार फिर परचम लहराया है। जेवीएम के प्रियांश प्रांजल ने 100 परसेंटाइल अंक हासिल कर ऑल इंडिया में 30वीं रैंक हासिल की है। जेवीएम की दूसरी छात्रा नेहा कुमारी ने 99.53 परसेंटाइल अंक



लाकर पूरे देश में 7000वां रैंक हासिल किया है। इस साल जेइइ मेंस की परीक्षा दो सेशन में आयोजित की गयी थी। दूसरे सेशन की परीक्षा में देशभर से 10 लाख से भी ज्यादा अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। रांची से लगभग 10 हजार अभ्ययर्थियों ने परीक्षा दी थी। दूसरी तरफ रांची रेल मंडल के रांची रेलवे स्टेशन पर कार्यरत मुख्य वाणिज्य निरीक्षक दिनेश कुमार के बेटे कुणाल कुमार को सफलता मिली है। मेंस में उन्हें 96.92 परसेंटाइल मिला है। कुणाल ने 12 वीं की पढाई डीएवी कपिलदेव से पूरी की है। कुणाल का कहना है कि अपने लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए। पहले ही प्रयास में उन्हें सफलता मिली है । अगला लक्ष्य उनका जेइइ एडवांस है।

**सरफराज अंसारी ने भी लहराया परचम**

पंचेत रंगामटिया बेनागोडियां गांव के लकडी मिस्त्री इशाक अंसारी के पुत्र सरफराज अंसारी ने ओबीसी कैटगरी में 4462वां स्थान प्राप्त किया है। पहले ही बार में उसने 98.87 परसेंटाइल प्राप्त कर सफलता हासिल की। सरफराज ने साल 2020 में वैली पब्लिक स्कूल पतलाबाडी से मैट्रिक और 2022 में एसएचएमएस कालेज कुमारधुबी से साइंस में 12वीं की पढाई पूरी की है।

**कडी मेहनत का कोई विकल्प नहीं: स्टेट टॉपर**

स्टेट टॉपर प्रियांश प्रांजल ने कहा कि जो सफलता हासिल की है, उसमें कडी मेहनत के अलावा शिक्षकों के साथ माता-पिता का भी अहम योगदान है। वह प्रतिदिन लगभग 12 घंटे पढाई करता था। स्वयं को रिलैक्स रखने के लिए वह पढाई के बीच में सोशल मीडिया का भी इस्तेमाल करता था। प्रियांश के पिता अनूप कुमार सिंह सिविल कोर्ट में कार्यरत हैं। मां स्मिता सुप्रीति गृहिणी हैं। प्रियांश के माता पिता ने वह शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। भरोसा था कि प्रियांश का नाम टॉपर लिस्ट में आयेगा। पिता अनुप कुमार सिन्हा ने बताया कि उन्होंने प्रियांश पर कभी दबाव नहीं डाला कि टॉप ही करना है या 10 घंटे पढाई करनी है। प्रियांश के पिता अनुप कुमार सिन्हा सिविल में कोर्ट में ऑफिस सुपरिटेंडेंट हैं और उनकी माता स्मिता सुप्रिति गृहिणी हैं।

## ढुल्लू ने 200 एकड जमीन पर किया है जबरन कब्जा: सरयू



रांची। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को एक स्मार पत्र भेजा है। इसमें धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बारे में लिखा है। ढुल्लू महतो बाघमारा से विधायक हैं। स्मार पत्र में ग्रामीणों पर उनके द्वारा किये गये अत्याचार का संक्षिप्त ब्योरा संलग्न है। ग्रामवासी भी इससे अछूते नहीं हैं। उन्होंने ग्रामीणों और सरकार की करीब 200 एकड जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। जेल की ऊंची दीवार बनाकर बाउंड्री की गयी है।

ग्रामीण सडक को भी घेरा

स्मार पत्र में सरयू राय ने कहा है कि एक ग्रामीण पथ को भी बाउंड्री के भीतर कर उस पर बडा सा गेट लगा दिया है। इस स्मार पत्र में ग्रामीणों के नाम सहित आंखों देखा ब्योरा दिया गया है, जो स्वत: स्पष्ट है। ग्रामीणों की रैयती जमीन पर से कब्जा हटाने और सरकारी जमीन, सरकारी परिसंपत्ति को कब्जा मुक्त कराने की मांग राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने कहा है कि राज्यपाल फिलहाल राज्य से बाहर हैं और मुख्यमंत्री भी राजधानी से बाहर है। उनके आने पर उनसे मिलकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत करायेंगे।

## ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों ने जेइइ में सफलता का परचम लहराया

**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों ने जेइइ में सफलता का परचम लहराया है। ब्रदर्स एकेडमी के छात्र, जिन्होंने उक्त परीक्षा में 99 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त किया है, उनके नाम हैं- देव प्रकाश, रोहन कुमार, तुषार धानुका, आकाश कुमार, तान्या चौधरी, श्रेयश संजय, मोहमद एलनाज, हर्षित आनंद, हर्षल राज, भास्कर जालान, यश कुमार, साहिल आकाश, सिद्धांत कुमार, समृद्धि केडिआ, तान्या कात्यायन, सृस्टि राज, प्रियम राज और अन्य हैं। छात्रों ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही सफलता की राह पर ला खडा




किया है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने एकेडमी का गौरव बढाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है।

## सेमेस्टर वन के छात्र-छात्राओं को भी स्कॉलरशिप फॉर्म भरने की अनुमति दे मारवाड़ी महाविद्यालय प्रशासन।

**अन्य महाविद्यालय की तरह मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को भी स्कॉलरशिप फॉर्म भरने का मौका दिया जाए : विशाल कुमार यादव।**

**एसटी एससी ओबीसी छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय नहीं होने देंगे: विशाल कुमार यादव।**

**रांची।** दिन बृहस्पतिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ तरुण चक्रवर्ती को स्कॉलरशिप से संबंधित मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र सौंपते हुए मारवाड़ी महाविद्यालय के अध्यक्ष विशाल कुमार यादव ने



मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू से कहा के अन्य सभी महाविद्यालय में सेमेस्टर वन के आधार पर यूजी सत्र 22 – 26 के छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप फॉर्म भरने का मौका दिया जा रहा है परंतु मारवाड़ी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को इससे वंचित रखा जा रहा है जो छात्र हित में किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है उन्होंने डीएसडब्ल्यू श्री तरुण चक्रवर्ती से कहा की मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी सेमेस्टर वन के आधार पर स्कॉलरशिप भरने का मौका दिया जाए।

मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कल तक का समय मांगा है।

वही छात्र आजसू के सदस्य ने डीएसडब्ल्यू से कहां के छात्र हित में स्कॉलरशिप फॉर्म भरने का मौका छात्र-छात्राओं को नहीं दिया गया तो छात्र आजसू आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से विशाल कुमार यादव, गुंचा कमर, साहिल कुमार, निष्ठा अंशु, मनस्वी जायसवाल, विशिष्ट राज गुप्ता कमलेश साहू के अलावा कोई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## राजद महिला प्रकोष्ठ की राज्यस्तरीय लोकसभा चुनाव अभियान समिति गठित

**रांची**: राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) ने लोकसभा चुनाव में आईएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए राज्यस्तरीय लोकसभा चुनाव अभियान समिति का गठन किया है।

इस संबंध में

राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने 55 सदस्यीय समिति की घोषणा गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में की।

मौके पर रानी कुमारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राजद महिला प्रकोष्ठ की राज्यस्तरीय चुनाव अभियान समिति में शामिल सभी पदधारी एवं कार्यकर्ता निष्ठापूर्वक आईएनडीआईए गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य करेंगे। इस संदर्भ में सभी जिलाध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है।




कमिटी में रांची से बबली देवी, खुशबू देवी, अन्नु कुमारी, अंजली देवी, मुन्नी देवी, उर्मिला देवी, सुनीता कुमारी, पलामू से मीरा देवी, अरुणा देवी, फुलवा देवी, रूबी देवी, गढ़वा से रूदा देवी, सोनी देवी, रेणु देवी, नूरजहां खातून, चतरा से प्रियंका देवी, पिंकी देवी, प्यारी देवी, शारदा देवी, रामगढ़ से सोनमणि देवी, प्रतिमा कुमारी, सुषमा देवी और सुषमा भारती, सरायकेला खरसावां से पुष्पा देवी, सुचिता देवी, नीलमणि देवी, चाइना देवी, कुंती देवी, देवघर से ममता देवी, विनीता देवी, अनुराधा देवी, ज्योति कुमारी, सुशीला देवी, जमशेदपुर से सूरजमणि देवी, अर्शिया खातून, बोकारो से हृदया देवी और मधुबाला देवी, लातेहार से नीलम देवी और उषा देवी, धनबाद से अनवारी खातून, रुखसाना खातून, उमा कुमारी, शबनम परवेज, कोडरमा से सरिता, अमरजीत कौर व गीता देवी, हजारीबाग से खुशबू, लक्ष्मी देवी,बबीता देवी और सोनम देवी, गोड्डा से नीलम देवी, गिरिडीह से फिकनी बीवी, रुबीना बानो और लोहरदगा से संगीता पाल व अमरावती देवी के नाम शामिल हैं।

## मांडर महाविद्यालय में राशि के हेरा फेरी की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें कुलपति: आजसू

**छात्र**-छात्राओं के पैसे की हेरा फेरी के मामले में दोषियों पर कार्रवाई हो अन्यथा आजसू करेगी आंदोलन।

रांची। दिन बृहस्पतिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू)का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें मांडर महाविद्यालय मे 68.59 लाख रुपए की हेरा फेरी के मामले से अवगत कराते हुए उन्हें मांग पत्र सोपा।मांग पत्र सौंपते हुए रांची विश्वविद्यालय छात्र आजसू इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से कहा 68.59 लख रुपए छात्र-छात्राओं से लिए गए लेकिन वह महाविद्यालय के रिकॉर्ड में नहीं है एक ही नंबर के दो-दो चालान कैसे छपे, महाविद्यालय के नए कैशबुक



में भी भारी अनियमितता दिखाई देती है डेली कलेक्शन रजिस्टर पर भी प्राचार्य का हस्ताक्षर नहीं है। मनी रिसिप्ट जारी करने के लिए कभी भी कॉलेज के प्राचार्य द्वारा इसे प्रमाणित नहीं किया गया है इंटरमीडिएट सेक्शन के साथ-साथ डिग्री सेक्शन के लिए भी कोई अलग खाता नहीं रखा गया। छात्र आजसू के सदस्यों ने कुलपति से कहा कि इस मामले की निष्पक्षता से जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की कृपा की जाए अन्यथा छत्र (आजसू ) आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर मौजूद कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से कहां इस मामले पर निष्पक्ष जांच चल रही है सभी दोषी पदाधिकारी कर्मचारी जो भी इस मामले में सनलिप्त पाए जायेगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से: प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, प्रियांशु शर्मा, मनजीत साहू अभिषेक साहू, विशाल कुमार यादव ,साहिल कुमार, राहुल कुमार के अलावा कई सदस्य मजूद थे।

## इक्फाई विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ 4 मई को

**रांची:** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड के तत्वावधान में 4 और 5 मई, 2024 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को सद्भाव बनाने और बनाए रखने के लिए आवश्यक कौशल और अंतर्दृष्टि से लैस करने के लिए महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया जाएगा।

कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य व्यक्तियों को सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक उपकरण और रणनीतियां प्रदान करना है। कार्यशाला के संयोजक-डीन (छात्र कल्याण), डॉ.एस चौधरी ने बताया कि यह कार्यशाला एनईपी 2020 के पांच मार्गदर्शक स्तंभों- पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है। डॉ.एस चौधरी ने बताया कि गहरी बातचीत में शामिल होकर - ऐसी बातचीत जो सीमाओं को आगे बढ़ाती है, जिज्ञासा जगाती है और समझ को बढ़ावा देती है। हम अधिक प्रभावशीलता के लिए अपनी सहज क्षमता का लाभ उठा सकते हैं। ये बातचीत न केवल हमारे भीतर बल्कि हमारे रिश्तों, कार्यस्थलों और समुदायों में भी परिवर्तनकारी परिवर्तन को खोलने की कुंजी रखती है।

कार्यशाला के लिए डायमेंशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। इच्छुक शिक्षाविद दो मई 2024 तक पंजीकरण करके इस कार्यशाला में शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये, इच्छुक प्रतिभागी +91 7257004502/ +91 +917257004503 संपर्क कर सकते हैं।

अथवा dean.sw@iujharhand.edu.in पर मेल कर सकते हैं।

डीन (अकादमिक) प्रो.अरविंद कुमार ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं समय की मांग हैं। रजिस्ट्रार प्रो.(डॉ.)जेबी पटनायक ने कार्यशाला की सफलता की शुभकामनाएं दी।

## मेदांता हॉस्पिटल ने बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर लगाया स्वास्थ्य शिविर

**रांची**: मेदांता हॉस्पिटल रांची ने बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर विश्व पायलट दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में लगभग 150 लोगों का स्वास्थ परीक्षा किया गया, जिनमें पायलट, एयर होस्टेस, और ग्राउंड स्टाफ शामिल थे। डॉक्टर अमूल्या स्वाति (प्रसूति और स्त्री रोग), डॉ. रवि रौशन (दांत रोग विशषज्ञ), अलका आनंद (आहार विशषज्ञ) , डॉक्टर प्रतिमा (सामान्य चिकित्सक) आदि ने इस अवसर पर विभिन्न विभागों में जांच और उपचार प्रदान किया।

इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से मेदांता हॉस्पिटल ने हवाई यातायात समुदाय के सदस्यों की सेहत और



सुरक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प दिखाया है। इसके साथ ही, मेदांता हॉस्पिटल के डायरेक्टर विश्वजीत कुमार ने कहा यह एक महत्वपूर्ण कदम है समुदाय के सदस्यों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूक करने की दिशा में। बिना सुरक्षित स्वास्थ्य के, हवाई यात्रा संभव नहीं है, और इस तरह के समारोह स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाते हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने क्षत्रिय महासभा से की समर्थन देने की अपील

**रांची:** लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने क्षत्रिय समाज से चुनाव में समर्थन देने की अपील की है।

सुश्री सहाय बुधवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा दलादली चौक स्थित फोकस बैंक्वेट हॉल में आयोजित बैठक में उपस्थित क्षत्रिय समाज के लोगों से मिलीं और उनसे आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर सुश्री सहाय की मां रेखा सहाय(प्रख्यात टीवी कलाकार) भी साथ थीं। श्रीमती सहाय ने चुनाव में यशस्विनी को समर्थन का आग्रह किया।

सुश्री सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि क्षत्रिय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, बाबू वीर कुंवर सिंह जैसे क्षत्रिय महापुरुषों की देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। क्षत्रियों ने मुगलों और



अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके। अपने स्वाभिमान से क्षत्रिय समाज ने कभी समझौता नहीं किया। देश के स्वतंत्रता संग्राम में क्षत्रियों का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज की उपेक्षा कर कोई भी राजनीतिक दल सफल नहीं हो सकता है। सभी समुदायों का समुचित सम्मान जरूरी है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की झारखंड प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बीनू सिंह ने कहा कि यशस्विनी सहाय कांग्रेस की युवा प्रत्याशी हैं। आत्मविश्वास से लबरेज हैं। नई ऊर्जा और नई सोच लिए जनहित में कार्य करने का इनमें जज्बा और जुनून दिखता है। युवाओं पर देश का भविष्य टिका है। ऐसे में युवा उम्मीदवार को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रो.सुरेश सिंह, प्रो.अमरेश सिंह,ललन सिंह,मनीष सिंह, विनय सिंह, मनोज सिंह, अविनाश सिंह सहित काफी संख्या में क्षत्रिय महासभा के सदस्य मौजूद थे।

अलग पहचान



# भीषण गर्मी को देखते हुए पिछले एक सप्ताह से धनबाद गोमो और कोडरमा तीनों स्टेशनो पर जल वितरण का कार्य किया जा रहा है

**मंडल रेल प्रबंधक महोदय जी के निर्देशानुसार एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी महोदय जी के नेतृत्व में जल वितरण का कार्य किया गया**








**धनबाद**,इस भीषण गर्मी को देखते हुए माननीय मंडल रेल प्रबंधक श्री के.के.सिन्हा सह अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स महोदय के निर्देशानुसार एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अजित कुमार सह जिला आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में धनबाद गोमो और कोडरमा स्टेशन पर शीतल जल वितरण करने का संकल्प लिया गया। जिसको पूरा करने के लिए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद मंडल के सीनियर स्काउट्स गाइड्स,रोवर,रेंजर्स,एवं लीडर्स ने मिलकर इसे सफलतापूर्वक सफल बनाने में हर सम्भव अपना अपना योगदान दिया। बीते एक हफ्ते से धनबाद स्टेशन,गोमो स्टेशन एवं कोडरमा स्टेशन पर आने जाने वाले द्वितीय श्रेणी के रेल यात्रियों को शीतल पेय जल यात्रियों तक पंहुचाया जा रहा हैं। यात्रियों द्वारा हमारी संस्था भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के इस कार्य को सरहाया। उनका कहना है कि इस चिलचिलाती गर्मी में आपसबों के द्वारा लिया गया संकल्प बहुत ही नेक है जिससे हमलोगों को शीतल पेय जल का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिससे हमारी आत्म संतुष्टि हो पा रही है। क्योंकि इस भीड से निकलकर पानी लेना युद्ध लडने के बराबर है। आप लोग अच्छे कार्य कर रहे है यूँही करते रहे हम सब की दुआ आप सबो के साथ है। यह सिर्फ हमारी संगठन की ताकत और सकारात्मक पहल है जिससे हमलोग यात्रियों तक पहुँचकर उनकी मदद कर पा रहे है। लोगो का कहना था कि इस पहल के लिए आपके मंडल रेल प्रबंधक महोदय एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी को आभार एवं साधुवाद*।

# बैंक ऑफ इंडिया: 28 लोगों ने नकली सोने के जेवरात गिरवी रख कर 1.29 करोड़ रुपये ऋण ले लिये,केस




**धनबाद** ।बैंक ऑफ इंडिया की सरायढेला शाखा से 28 लोगों ने नकली सोने के जेवरात गिरवी रख कर 1.29 करोड़ रुपये ऋण ले लिये. इस संबंध में बैंक के सीनियर मैनेजर विश्व प्रताप सिंह ने बुधवार को सरायढेला थाना में 28 ऋणधारकों और बैंककर्मी समेत 32 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ऋण लेने के 26 मामले 2022 और दो मामले 2023 के हैं। ऋण वापस नहीं होने पर मामले का खुलासा हुआ.सीनियर बैंक मैनेजर ने पुलिस को बताया कि ऋण ली गयी रकम की वसूली के लिए ऋणधारकों को नोटिस जारी किया गया, लेकिन किसी ने भुगतान नहीं किया।इसके बाद बैंक के दिशा निर्देश के अनुसार उन्हें ऋण राशि चुकाने के निर्देश के साथ नीलामी सूचना के लिए नोटिस भेजा गया।.लेकिन किसी ने ऋण नहीं चुकाया।

# स्वास्थ्य विभाग में निकाली जागरूकता रैली



**धनबाद**।विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली निकाली।

जागरूकता रैली सदर अस्पताल से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एएनएम, सेविका, सहिया, एनसीसी छात्र मौजूद थे।

इस संबंध में वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को बताया कि जन जागरूकता और जन भागीदारी ही मलेरिया के रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है। साथ ही लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने के साथ खाली स्थानों पर बेवजह पानी के जलजमाव की रोकथाम की अपील की गई। बुखार होने पर मलेरिया जांच करवाने की सलाह दी गई।

वहीं एक अन्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने कोला कुसमा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासी विद्यालय में जागरूकता सह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार, वी.बी.डी. सलाहकार श्री रमेश कुमार सिंह, एमओआईसी सदर सीएचसी डॉ राजीव कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

# अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक ली ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

# ईवीएम के ट्रबल शूटिंग पर दिया विशेष प्रशिक्षण





**धनबाद।**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक, त्रुटि रहित संपन्न कराने तथा वोटर टर्नआउट बढ़ानें के उद्देश्य से श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय में सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग तथा मॉक पॉल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे सभी अधिकारियों को उनके नेतृत्व में चुनाव कराना है। इस दौरान जो भी समस्या आएगी उसका समाधान भी उनको करना है। इसलिए आज सभी पदाधिकारी को ईवीएम का थ्योरेटिकल एवं प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया। वे खुद ईवीएम की तकनिकों को जान लेंगे तो चुनाव के दौरान कोई परेशानी नहीं होगी। इससे वोटर टर्नआउट बढ़ेगा, वोटर्स को अधिक फैसिलिटी मिलेगी। साथ ही पोलिंग पार्टी, पोलिंग स्टाफ किसी को चुनाव में कोई समस्या नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम के ट्रबल शूटिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही एरर, एरर का कारण और एरर का निराकरण करने की एक-एक कॉपी सभी सेक्टर पदाधिकारी, प्रीसाइडिंग ऑफिसर, एआरओ, एईआरओ एवं प्रखंड की टीम को उपलब्ध कराया जाएगा।

इस दौरान सभी पदाधिकारियों को ईवीएम कमिश्निंग, मॉक पोल प्रोटोकॉल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, वीवीपैट को अत्यधिक गर्मी से बचाना, चुनाव संपन्न होने के बाद वीवीपैट से पावर बैकअप निकाल लेना, ईवीएम के रिसीविंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।

मौके पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा के अलावा सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी मौजूद थे।

# धनबाद में मिला कोरोना पाज़िटिव मरीज,स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट

**धनबाद** न्यूज:-धनबाद में करीब एक साल बाद फिर से कोविड ने दस्तक दी है. कोयलांचल में एक शख्स कोरोना पॉजिटिव पाया गया है. डॉक्टरों ने तुरंत ही उसे केंद्रीय अस्पताल स्थित कोविड वार्ड में भर्ती करा दिया.

इस संबंध में जिले के सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन ने बताया कि पश्चिम बंगाल से एक बीसीसीएल कर्मी आया है. जिसमें कोरोना के लक्षण पाए गए हैं. उसे इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल स्थित कोविड वार्ड में भर्ती कराया गया है.

इसके अलावा सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन ने बताया कि मरीज के बंगाल से धनबाद तक की जानकारी जुटाई जा रही है. जिससे यह पता चल सके कि उक्त संक्रमित व्यक्ति किन-किन लोगों से, कहां-कहां मिला. जिससे कि उसके संपर्क में आए व्यक्तियों की पहचान कर उनकी भी जांच कराई जा सके. बताया जा रहा है कि ढांगी मोड़ स्थित वसंत विहार निवासी 58 वर्षीय बीसीसीएलकर्मी वह कैंसर से भी पीड़ित हैं और वो 21 अप्रैल को कोलकाता के एचसीजी इको कैंसर सेंटर में इलाज कराने आए थे.

धनबाद में मिला कोरोना पॉजिटिव मरीज

कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें धनबाद भेज दिया गया. मंगलवार की रात उन्हें सेंट्रल अस्पताल स्थित कोविड वार्ड में भर्ती कराया गया था. उनके कैंसर की बीमारी को देखते हुए बुधवार की शाम दुर्गापुर स्थित निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया. डॉक्टर चंद्र भानु प्रतापन ने कहा कि कोरोना का मामला आने के बाद विभाग पूरी तरह से अलर्ट है. अस्पताल के स्टाफ को भी दिशानिर्देश जारी कर दिए गए हैं.

मरीज को केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया

बता दें, धनबाद जिले में कोरोना का आखिरी मरीज एक साल पहले 14 अप्रैल 2023 को मिला था. अब एक बार फिर यहां कोरोना की पुष्टी हुई है. यहां आईसीएमआर का आरटी-पीसीआर लैब पूरी तरह से बंद हो चुका है.

# डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**धनबाद।**अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।

जागरूकता रैली सुबह 9 से रंगतांड चौक से निकल कर धनबाद रेलवे स्टेशन होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान सकड़ों किन्नर मौजूद रहें। रैली के दौरान वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर द्वारा रैली में मौजूद सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए।

मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विनीता कुमारी, अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के सभी प्रतिनिधि, जिला आइकॉन श्वेता किन्नर समेत आम नागरिक मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा में डिस्पैच सेंटर एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों का किया निरीक्षण






**धनबाद**। आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों में में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने निरसा विधानसभा हेतु क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों के संबंध में निरसा के एआरओ एवं भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की।

इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। वही पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने समेत मेडिकल टीम हेतु स्थान चिन्हित किया गया। साथ ही डॉन बॉस्को रामकनाली में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी इसको लेकर उपायुक्त से व्यवस्था करने हेतु दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुडे कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।

मौके पर डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी निरसा इंद्रलाल ओहदार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एग्यारकुण्ड श्रीमती मधु कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# बैठने से पहले ड्राइवर ने चलायी कार ,बाल - बाल बचे एडीजी,चालक पर कार्रवाई की तलवार लटकी*



**धनबाद** : लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाठकर बुधवार की दोपहर एक दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे। बरवाअड्डा पुलिस ऑफिस में पुलिस अफसरों से बातचीत के बाद सर्किट हाउस जाने के दौरान उनकी कार के चालक ने उनके बैठने से पहले ही गाड़ी भगा दी।

एडीजी सजग थे और वे संभल गए। इस घटना में वे बाल-बाल बच गए। घटना के बाद एडीजी के चालक पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है।

घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें चालक की लापरवाही साफतौर पर देखी जा सकती है। एडीजी बुधवार की दोपहर हेलीकॉप्टर से बरवाअड्डा हवाई पट्टी पहुंचे। वहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के साथ देर शाम तक विशेष बैठक के बाद एडीजी रात्रि विश्राम के लिए सर्किट हाउस पहुंचे। सर्किट हाउस में देर रात तक एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी डटे रहे। एडीजी लगातार एसएसपी से चुनाव संबंधी तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते रहे।

धनबाद में छठे चरण यानी 25 मई को चुनाव होना है। छठे चरण के चुनाव के लिए नोटिफिकेशन 29 अप्रैल को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख छह मई रखी गई है। अधिसूचना जारी होने के साथ पुलिस की जिम्मेवारियां बढ़ जाएंगी। जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में धनबाद लोकसभा के लिए तथा दो विधानसभा में गिरिडीह लोकसभा के लिए मतदान होना है। पुलिस ने सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण चुनाव की तैयारियां की हैं। एडीजी ने तैयारियों की बारिकी से जानकारी ली। उन्होंने कई निर्देश भी दिए।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खुला ईवीएम वेयरहाउस



**धनबाद।**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के नेतृत्व में तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया।

इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया के निर्देशानुसार बुधवार को राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था। जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी। इसी कड़ी में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की छंटनी के लिए ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया।

इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता के अलावा इंडियन नेशनल कांग्रेस के मिथिलेश तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र त्रिवेदी, आजसू के रतीलाल महतो, आम आदमी पार्टी के राजेश कुमार, राष्ट्रीय जनता दल के मुमताज कुरैशी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुकेश कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी के अभय कुमार मौजूद थे।

अलग पहचान



# जनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों को विभिन्न आइटी एप की दी गई जानकारी

## व्यय-लेखा कोषांग ने अभ्यर्थियों को नामांकन से पूर्व बैंक खाता खोलने,व्यय से संबंधित आयोग के निर्देश से कराया अवगत

**बोकारो:** समाहरणालय सभागार में मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ व्यय लेखा कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त चास सौरव कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में बैठक हई। मौके पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी (डीआइओ) धनंजय कुमार, व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी नवनीत निश्चल, सहयोगी पदाधिकारी विकास कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।



इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चुनाव आयोग द्वारा जारी विभिन्न आइटी एप्लीकेशन (ESMS, Encore,Voter Helpline App,c-Vigil,Voter Service Portal,NGS,KYC,Sveep portal) के संबंध में विस्तार से बताया।

उन्होंने विस्तार से एनकोर एप (Encore App) के संबंध में बताया। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने इस एप को तैयार किया है,जो चुनाव अवधि के दौरान उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों जैसे रैलियां आयोजित करने, सार्वजनिक बैठकें आयोजित करने आदि के लिए अनुमति प्राप्त करने का माध्यम है। उन्होंने एप के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं और लाभ की जानकारी दी।

सी-विजिल (c-VIJIL) एप के संबंध में बताया कि नागरिकों के लिए चुनाव अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन पर रिपोर्ट करने के लिए यह ऑनलाइन एप है। जो नागरिकों के सतर्क होने और स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन में उनकी सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका को दर्शाता है। एप में प्राप्त शिकायतों को कैसे 100 मीनट के अंदर निष्पादन करना है,उसकी विस्तृत जानकारी दी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों के अन्तर्गत दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए मताधिकार का उपयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप (SAKSHAM-ECI) बनाया है। इसे दिव्यांगजन एवं 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रख तैयार किया गया है।

इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण आइटी एप्लीकेशन ईलेक्शन सिजर मैनेजमेंट सिस्टम, नेशनल ग्रिभांस सिस्टम, नो योर कैंडिडेट एप, वोटर सर्विस पोर्टल, वोटर हेल्प लाइन एप आदि की जानकारी एवं संचालन के संबंध में विस्तार से बताया।

वहीं, व्यय कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी ने नामांकन प्रपत्र क्रय करने से पूर्व बैंक खाता उम्मीदवार को खोलने को कहा। साथ ही, व्यय पंजी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि 10 हजार से ज्यादा राशि का नकद भुगतान नहीं कर सकते हैं। इससे उपर के खर्चों का भुगतान चेक के माध्यम से ही करना है। सभी खर्चों की विवरणी लेखा – मिलान के दिन पंजी के माध्यम से समर्पित करनी है। कोषांग द्वारा वीडियो भिविंग टीम का गठन कर दिया गया है, सभी उम्मीदवारों का सैडो आबर्जबेशन रजिस्टर तैयार होगा आदि की जानकारी सभी पार्टी प्रतिनिधियों को दी गई।

# गठबंधन को फिर झटका

**ब्यूरो, रांची।** आईएनडीआईए में सीट शेयरिंग से असंतुष्ट भाकपा की तरह माकपा ने भी अब अपना प्रत्याशी उतार दिया है। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में केवल राजमहल सीट पर माकपा ने अपना प्रत्याशी उतारा है। माकपा के गोपेन सोरेन नौ मई को नामांकन दाखिल करेंगे।राजमहल सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने विजय हांसदा को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने राजमहल सीट पर ताला मरांडी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इससे पूर्व, भाकपा ने आईएनडीआईए में जगह नहीं मिलने पर राज्य की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर रखी है।लोहरदगा, पलामू, चतरा, दुमका, कोडरमा, हजारीबाग,



गोड्डा व रांची शामिल हैं। चार सीटों पर भाकपा ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। शेष सीटों पर जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा होगी।प्रकाश विप्लव माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने एक बयान जारी कर कहा कि झारखंड में आईएनडीआईए में शामिल दलों के बीच सीट शेयरिंग आंशिक रूप से ही हुआ है। सत्तारूढ़ पार्टियों ने माकपा से कोई चर्चा भी नहीं की। वामदलों के प्रति उदासीनता महागठबंधन नेतृत्व की कमजोरी है। यही वजह है कि पार्टी ने चुनाव लड़ने का फैसला किया।

उन्होंने कहा कि राजमहल लोकसभा सीट पर माकपा के चुनाव अभियान की तैयारी बहुत पहले से चल रही थी।वहीं, प्रकाश विप्लव के अनुसार, इस इलाके में पार्टी का अपना जनाधार भी है और पिछले दो वर्षों से यहां ज्वलंत मुद्दों पर पार्टी लगातार अभियान भी चला रही है। 13 संसदीय सीटों पर भाजपा को हराने वाले प्रत्याशियों को माकपा समर्थन देगी, जिसकी घोषणा जल्द की जाएगी।

## जिले में बर्ड फ्लू को लेकर विभाग अलर्ट,नहीं कोई मामला

### उपायुक्त के निर्देश पर जिला पशुपालन विभाग ने जिला एवं प्रखंड स्तरीय रेपिड रिस्पांस टीम/क्विक रिस्पांस टीम किया गठित




**बोकारो:** क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार रांची में कुक्कुटों की मृत्यु का मामला प्रकाश में आने के बाद उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला पशुपालन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है। जिले में अब तक बर्ड फ्लू को लेकर कोई मामला सामने नहीं आया है। विभाग द्वारा इसकी कड़ी निगरानी की जा रही है।

जिला पशुपालन विभाग ने किसी भी स्थिति से निपटने को लेकर तैयारी कर ली है। विभाग द्वारा पशु चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की जिला एवं प्रखंड स्तरीय रेपिड रिस्पांस टीम (आर.आर.टीम) /क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) गठित कर लिया है। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वार जिले के मुर्गी पालकों से अपील किया गया है कि अगर अचानक उनके यहां मुर्गियों/ कुक्कुट की अचानक मौत होती है,तो वह अविलंब इसकी सूचना जिला एवं प्रखंड स्तरीय आर आर टीम एवं क्यू आर टीम को दें।

जिला स्तरीय आरआर टीम/ क्यू आर टीम में अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी (तेनुघाट) डा. विनय कुमार सिन्हा मोबाइल संख्या 9123494138, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी *डा. पुष्पा कुमारी मोबाइल संख्या 8102771809, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी चास डा. अशोक कुमार मोबाइल संख्या 9973752779, पशुधन सहायक माडल अस्पताल चास श्री विनोद कुमार दास मोबाइल संख्या 9693440204 है। इन नंबरों पर जिले के पशुपालक किसी भी सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं।

# हर बूथ में कमल खिलायें। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनायें

***बोकारो** page me साहिबगंज। एक दिवसीय दौरे पर साहिबगंज पहुंचे बाबूलाल मरांडी ने अस्थायी बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन किया। गुरुवार को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा हेलीकॉप्टर से पहुंचे। हेलीपैड में राजमहल विधायक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं शहर के भरतीया कॉलोनी स्थित राजमहल लोकसभा क्षेत्र के लिए अस्थायी बीजेपी कार्यालय का विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।



वहीं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके उन्होंने हौसला बढाते हुए कहा कि इस बार राजमहल लोकसभा में हर हाल में कमल खिलाना है और ताला मरांडी को जीताना है। कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ को मजबूत करके रखें। हर बूथ में कमल खिलायें। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनायें। वही उन्होंने कांग्रेस और जेएमएम पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस के घोषणापत्र पर तंज कसा और कहा कि इंडिया गठबंधन देश को गर्त में ले जाना चाहता है। मौके पर बीजेपी जिलाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, गणेश तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, गौतम यादव, चांदनी देवी, ललिता पासवान, अनिमेष सिन्हा, जीवा पासवान, संगीता सिन्हा, विनोद चौधरी, चंद्रभान शर्मा सहित अन्य थे। वहीं कार्यक्रम के बाद बाबूलाल मरांडी सहित अन्य पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचे। जहां हेलीकॉप्टर से दुमका निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गये।

## अर्जुन मुंडा ने किया रोड शो, कहा विकास के लिए मोदी के हाथों को करें मजबूत

कोलेबिरा। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर कोलेबिरा पहुंचे। कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्होंने चुनाव पर चर्चा की। वहीं थाना मोड से रोड शो किया। कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। इसे जारी रखने के लिए मोदी के हाथों को मजबूत करें। राष्ट्र को सशक्त बनाने, गांव को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने,



लोगों को रोजगार देने, किसानों को खेती के लिए सुविधा मुहैया कराने लक्ष्य है। देश का कोई भी गरीब-किसान भूखा ना रहे, यह पीएम नरेंद्र मोदी का उद्देश्य है। सभी गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि विकास की गति ना रूके, इसको लेकर मोदी के हाथों को मजबूत करें।

## सरसों के क्षेत्रफल व उत्पादकता में वृद्धि को लेकर बैठक

रांची: दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची के सभागार में सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर, राजस्थान द्वारा झारखण्ड में सरसों फसल के क्षेत्रफल में वृद्धि पर परियोजना के सम्बन्ध में एक बैठक आहूत की गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी, पटना के निदेशक डॉ अंजनी कुमार सिंह शामिल हुए। सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर, राजस्थान के निदेशक डॉ पीके राय के साथ साथ निदेशालय के प्रधान वैज्ञानिक, डॉक्टर ए. के. शर्मा एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके के वैज्ञानिक डॉ. सोहन राम विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद जी ने की। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के 15 जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों के वरीय वैज्ञानिक सह प्रमुख भी शामिल हुए। बैठक का औपचारिक शुभारम्भ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया।



डॉ. पीके राय ने अपने संबोधन में बताया कि वर्ष 2017-18 में झारखंड के पॉच जिलों में सरसों के उत्पादन को बढावा देने हेतु योजना की शुरुआत की गई थी, जिसके परिणाम स्वरूप विगत 6 वर्षों में राज्य में सरसों के क्षेत्रफल में 216 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गयी है। इसी को ध्यान में रखते हुए झारखंड राज्य में सरसों फसल के क्षेत्रफल व उत्पादकता में वृद्धि हेतु 15 जिलों को सरसों अनुसंधान निदेशालय द्वारा इससे सम्बन्धित योजना से जोडा जा रहा है। इसके साथ ही साथ रांची, गुमला, चतरा एवं सरायकेला खरसावां कृषि विज्ञान केन्द्रों को सीड हब कार्यक्रम से भी जोडा जा रहा है, जिससे राज्य के किसानों को सही समय पर उच्च गुणवत्ता व अधिक उपज देने वाली सरसों की प्रजातियों के बीजों को उपलब्ध कराया जा सके।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. अन्जनी कुमार ने परियोजना के विगत 6 वर्षों की सफलता की प्रशंसा करते हुए बताया कि सभी 15 कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से कुल 1500 किसानों को प्रशिक्षित कर इसमें शामिल किया जायेगा। सभी फसल प्रत्यक्षणों की निगरानी कृषि मैपर एप्लिकेशन के माध्यम से की जायेगी। भविष्य में किसानों को ससमय गुणवत्तायुक्त बीज की उपलष्धता सुनिश्चित करने के क्रम में वर्ष 2024-25 में कुल चार सीड हब की स्थापना की जायेगी जिसके माध्यम से 4000 कुन्तल प्रमाणित बीज का उत्पादन किया जायेगा। बीज उत्पादन का कार्य कृषक भागीदारी द्वारा क्लस्टर के माध्यम से किये जायेंगे। इस योजना में फसलोत्पादन के साथ साथ मूल्यसंवर्धन एवं विपणन को भी बढावा दिया जायेगा।

डा. सोहनराम ने सरसों के क्षेत्र विस्तार हेतु सरसों के क्षेत्रफल विस्तार हेतु मध्यम भूमि व दोन 2 भूमि में धान की सीधी बुवाई कर सही समय पर इसकी कटाई व ससमय सरसों की बुवाई की अनुशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने धान की कम अवधि की प्रजातियों के चुनाव पर भी बल दिया।

सचिव रामकृष्ण मिशन, स्वामी भवेशानन्द जी ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में सरसों की जैविक खेती को बढावा देने पर बल दिया जिससे मधुमक्खी पालन को भी बढावा देगा। सभी उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन देते हुए उन्होने कार्यक्रम को समाप्त करने की घोषणा की।

# तेजी से नीचे जा रहे भूगर्भ जल स्तर को लेकर सरकार गंभीर

## रांची नगर निगम का जल संरक्षण एवं संचयन के लिए जनजागरूकता अभियान

**रांची:** राजधानी रांची की तपती एवं प्यासी धरती की प्यास बुझाने और भविष्य में भीषण जल संकट से बचने के लिए वर्षा जल संचयन और संरक्षण ( रेन वाटर हार्वेस्टिंग ) आवश्यक है। सतही जल उपलब्ध नहीं होने के कारण भूगर्भ जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। यह अलार्मी स्थिति है। इसको लेकर राज्य सरकार गभींर भी है। सरकार ने विशेष कर रांची नगर निगम को सभी आवश्यक उपाय कर जन



जागरूकता अभियान चलाकर रेन वाटर हारवेस्टिंग कराने का निर्देश दिया है।

अभी जो रेन वाटर हारवेस्टिंग के लिए नियम बना है उसके अनुसार 3000 स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हारवेस्टिंग आवश्यक हैं। इस नियम के कारण लगभग 60 हजार आवास रेन वाटर हारवेस्टिंग नहीं करायें हैं जबकि यह सभी आवास पानी का उपयोग करते हैं। नियम के तहत रेन वाटर हारवेस्टिंग की सीमा में आने वाले 79772 आवास हैं। इसमें से 52668 आवासों में रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगा हुआ है। 27104 आवासों में रेन वाटर हारवेस्टिंग नहीं है। इसके लिए रांची नगर निगम जल्द ही सर्वे करा कर इन आवासों को सिस्टम लगवाने का प्रयास करेगा। इन आवासों के मालिको को जुर्माना स्वरूप डेढ गुना होल्डिंग टैक्स देना पड रहा है।

रांची नगर निगम ने रेन वाटर हारवेस्टिंग के लिए फिलहाल प्रचार प्रसार अभियान चला रहा है। इसके लिए लोगों को सूचना देने , शिक्षित करने और संचार की गतिविधियां भी चला रहा है। लगभग 15000 पंपलेट का वितरण कराने के साथ ही शहर के 30 स्थलों पर रेन वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित होर्डिंग भी लगाये जायेंगे। इसके अलावा एनजीओ को भी जनजागरण अभियान चलाने के लिए घर घर जाकर रेन वाटर हारवेस्टिंग के लाभ को बताने के लिए लगाया गया है। सबसे बडी बात यह है कि पानी संकट से बचने के लिए स्वयं लोगों को आगे आना होगा नही तो रांची के लोगो को भी बंगलोर की तरह पानी के टैंकर पर निर्भर रहना होगा। बंगलोर में तो अब पानी का टैंकर भी दो दिन बात पहले से बुकिंग करने पर मिल रहा है।

रांची नगर निगम ने रेन वाटर हारवेस्टिंग का काम करने वाली तीन एजेसिंयो को काय आवंटित किया है। एक आवास में रेनवाटर हारवेसं्टिंग पर लगभग 40 हजार रुपये खर्च आता है। रेन वाटर हारवेस्टिंग करा कर जीवन भर के जल संकट से बचा जा सकता है। अधिक भूगर्भ जल दोहन से बोरिंग फेल हो रहे है। कुंआ सूख रहा है। वृक्षा रोपण नहीं होने से वर्षा कम हो रही है। जिसका प्रतिफल यह है कि नदी , नहर, तालाब , आहर पोखर बंजर भूमि के रूप में तब्दील हो रहे है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

# वोटर को अपनी पहचान सिद्ध करने हेतु 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से दिखाना होगा कोई एक, तभी कर सकेंगे मतदान

संवाददाता नीतीश कौशिक

बागपत। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार, मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते हैं।

उन्होने 12 वैकल्पिक दस्तावेजों के सम्बन्ध में बताया कि आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान, सांसदो विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है।

उन्होने बताया कि, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदाता के घर भेज दी गई हैं , मतदाता सूची पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक 26 अप्रैल 2024 व समय आदि का उल्लेख है , लेकिन मतदाता पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये मतदाता पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा। कहा कि 26 को मतदाता अपने मतदेय स्थल पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएं तथा अपना मत अपनी ताकत मतदान करेंगे शत प्रतिशत के उद्घोष को साकार करें।

## जनपद में 979 बूथों पर 26 अप्रैल को मतदान कराने हेतु पोलिंग पार्टियां हुई रवाना



संवाददाता नीतीश कौशिक

**बागपत।** जनपद में बागपत, बडौत व छपरौली विधानसभा क्षेत्रों सहित मेरठ की सिवाल खास व गाजियाबाद की मोदीनगर विधानसभा सीट तक फैली बागपत लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया।

बता दें कि,जनपद के 9 लाख 70 हजार मतदाता कल यानि शुक्रवार को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस हेतु 979 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को खेकड़ा के लखमीचंद पटवारी कालेज परिसर में प्रत्येक विधानसभा स्तर पर व्यवस्था की गई तथा संबंधित पोलिंग पार्टियों को उनको बूथवार ईवीएम व अन्य सामग्री दी गई। इस दौरान कालेज परिसर में ही पोलिंग पार्टियों को उनके बूथ तक ले जाने वाले वाहनों की व्यवस्था भी की गई थी।

दूसरी ओर पोलिंग पार्टियों के साथ सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस पार्टी भी रवाना की गई। साथ ही पोलिंग सैंटरों पर बिजली, पानी आदि की व्यवस्था भी मुकम्मल रखने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं। दोपहर 12 बजे के बाद से पोलिंग पार्टियों को उनके गंतव्य के लिए रवानगी शुरू हो गई थी तथा ज्यादातर पोलिंग सैंटरों पर उनकी आमद की भी सूचना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने 979 बूथों के लिए 106 सैक्टर मजिस्ट्रेट सहित जोनल व स्पेशल मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये हैं, ये सब अपने निर्धारित बूथ सैंटरों पर भ्रमणशील रहेंगे, जिससे मतदान निर्विघ्न और सकुशल संपन्न हो। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह स्वयं तथा एडीएम व अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी भ्रमणशील रहेंगे।

## चौरासी चौधरी ने थांबा चौधरियों से की गुफ्तगू, सर्वाधिक मतदान करने को किया प्रेरित

संवाददाता आशीष चंद्रमौलि

**बड़ौत।** चौधरी चौरासी देशखाप एवं सर्वसमाज खाप चौधरी संगठन के जिला अध्यक्ष पं सुभाष शर्मा के नेतृत्व में हुई बैठक में लोकतंत्र के महापर्व यानि 26 अप्रैल को आयोजित दूसरे चरण के मतदान के अवसर पर सभी से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई।

इस अवसर पर 84 चौधरी देशखाप पं सुभाष शर्मा ने कहा कि, आप निर्भीक एवं निडर होकर अधिक से अधिक मतदान करें और अपने आसपास के लोगों को भी अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती एवं एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। नारा दिया कि,पहले मतदान फिर जलपान"की नीति पर बागपत



जिले में रिकॉर्ड तोड़ मतदान प्रतिशत होना चाहिए।दूसरी ओर सूत्रों ने बताया कि, इस दौरान हुई चर्चा में तय किया गया कि, गांवों में हर बिरादरी और सभी वर्गों को प्रेरित करें कि, सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के पक्ष में वोटिंग करें।

इस अवसर पर पं घनश्याम शर्मा,थांबा चौधरी बिजरोल शिवकुमार शर्मा, थांबा चौधरी बामडोली हरिओम शर्मा, चौधरी पट्टी बारु ओमकार दत्त शर्मा, चौधरी पं वेद प्रकाश शर्मा, प्रतिनिधि श्यामबिहारी शर्मा,संजय गौड़,भूषण कुमार शर्मा,अनिल शर्मा, प्रमोद शर्मा बेगमाबाद गढ़ी,दीपक शर्मा चिरंजी, नरेंद्र शर्मा,पूर्व तहसीलदार विजेंद्र भारद्वाज आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष बनने पर महेश आर्य का किया भव्य स्वागत



**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बागपत जिलाध्यक्ष बनाए गए महेश आर्य का लोगों ने पगड़ी व फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और बधाई दी। इस मौके पर महेश आर्य ने कहा कि, देश में जनसंख्या के हालात विस्फोटक होते जा रहे हैं। बहुत तेजी के साथ जनसंख्या बढ़ रही है, जिसकी वजह से महंगाई, बेरोजगारी ,आवास आदि की समस्या बढ़ती जा रही है। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो इसके गंभीर परिणाम हम सब लोगों को भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि ,जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाए। साथ ही कहा कि, वह इसके लिए जल्द ही व्यापक जन जागरण अभियान भी चलाएंगे और जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए लोगों को संगठित किया जाएगा। इस मौके पर राकेश आर्य, सुधीर ठाकुर, कुलदीप शर्मा समेत काफी लोग मौजूद रहे ।

## सिरसलगढ के किसान का बेटा डॉ अक्षय बना कृषि वैज्ञानिक ,चयन पर परिजनों ने खुशी में बांटी मिठाई

**संवाददाता मनोज कलीना**

**बिनौली।**सिरसलगढ गांव के एक किसान के होनहार बेटे डॉ अक्षय उज्ज्वल ने कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली द्वारा आयोजित कृषि वैज्ञानिक एग्रोनॉमी की परीक्षा को किया पास । बना कृषि वैज्ञानिक। प्रतिभाशाली युवा की उपलब्धि पर गांव में ही ,नही बल्कि क्षेत्र में खुशी है।



सिरसलगढ गांव के किसान योगेंद्र उज्ज्वल व बबीता देवी के बेटे डॉ अक्षय उज्ज्वल ने गत वर्ष 29 अप्रैल को कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली की ओर से आयोजित कृषि वैज्ञानिक एग्रोनॉमी विषय पर परीक्षा दी थी, जिसका 12 मार्च 2024 को इंटरव्यू दिया। अब 22 अप्रैल को परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें उसका कृषि वैज्ञानिक के पद पर चयन हुआ है। अक्षय ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से करने के बाद 10 ओर 12 वीं अशोक विद्यालय इंटर कॉलेज कमाला जूड से पास की, इसके बाद उसने शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जम्मू से वर्ष 2017 में बीएससी ऑनर एग्रीकल्चर ओर वर्ष 2020 में एग्रोनॉमी विषय पर एमएससी की और सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से पीएचडी की। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें डॉक्टर्स डिग्री से सम्मानित किया था।उनका छोटा भाई विशाल उज्ज्वल बडौत के जेवी कॉलेज से एमएससी एग्रोनॉमी कर रहा है।

प्रतिभाशाली युवा वैज्ञानिक की उपलब्धि पर चौधरी महिपाल सिंह, धनपाल चौधरी, राजेन्द्र सिंह,डॉ अनिल आर्य , डॉ सुनील आर्य प्रधानाचार्य सतेन्द्र तोमर,सुबोध कुमार हरपाल सिंह, देवेंद्र उज्ज्वल, कंवरपाल सिंह आदि ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए वैज्ञानिक का गांव में आने पर स्वागत करने का निर्णय लिया है।

**ताऊ बने प्रेरणा स्रोत**

कृषि वैज्ञानिक बने डॉ अक्षय उज्ज्वल ने बताया कि, उनके ताऊ डॉ ओमवीर सिंह भारतीय गेंहू एवं जौं अनुसंधान संस्थान करनाल हरियाणा में प्रधान कृषि वैज्ञानिक पद पर कार्यरत हैं, उन्हीं से प्रेरणा लेकर उसने मेहनत की और इस मुकाम को हासिल किया।

## श्री बालाजी महाराज का मंत्रोच्चार के साथ किया गया अभिषेक, 28 को शोभायात्रा की तैयारी

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** श्री सत्यनारायण मंदिर मंडी कमेटी द्वारा श्री बालाजी जन्मोत्सव शुरू हो गया, जो तीन दिन तक चलेगा तथा अंतिम दिन शोभायात्रा निकाली जाएगी। आज से शुरू हुए कार्यक्रम में सर्व प्रथम श्री बालाजी महाराज का अभिषेक किया गया और उन्हें चोला चढाया गया।इसके साथ ही संगीतमयी स्वर लहरी के मध्य सुंदरकांड का पाठ हुआ, जहां कलाकारों ने श्री बालाजी महाराज के प्रसिद्ध भजन सुनाये, जिन पर श्रद्धालु जमकर झूमे। बताया कि, 28 अप्रैल को शाम 4 बजे श्री बालाजी महाराज की विशाल रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो सत्यनारायण मंदिर से प्रारंभ होकर भगवान महावीर मार्ग, अग्रसेन चौक, संजय मूर्ति, नेहरू मूर्ति से अतिथि भवन होते हुए गांधी रोड,



सारंग सिनेमा रोड, शिव चौक आदि मार्गो से पुनः मंदिर पर आकर सम्पन्न होगी। बताया कि,रथ यात्रा में श्री बालाजी महाराज के दिव्य दर्शन, भारत के सुप्रसिद्ध बैंड व म्यूजिकल झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी।29 अप्रैल को मंदिर परिसर में श्री बालाजी महाराज का विशाल भंडारा लगाया जाएगा। आयोजन कमेटी ने इस मौके पर अधिक से अधिक श्रद्धालुओ से पहुंचने की अपील की है।

## गठबंधन धर्म निभाने को लेकर रालोद प्रत्याशी के लिए भाजपा गंभीर, बूथ लेवल टीम रहेंगी सक्रिय

**••जिलाध्यक्ष ने की निडर होकर मतदान की अपील**

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**बागपत।** एनडीए गठबंधन के घटक रालोद के प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान को ऐतिहासिक जीत दिलाने में भाजपा कितनी गंभीरता से जुटी है, इसका अंदाजा योगी आदित्यनाथ की क्षेत्र में तीन तीन चुनावी सभाओं से लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, सूत्र बताते हैं कि, भाजपा के आईटी सेल के केंद्रीय कार्यालय से भी चुनाव अभियान के दौरान 8-10 ऐसे सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम भेजी गई थी, जो प्रत्याशी के दैनिक कार्यक्रमों में तथा पार्टी विधायकों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखती रही। बताया कि, यह टीम प्रतिदिन अपने फोटोग्राफ्स व विडियो के



जरिये केंद्रीय कार्यालय को रिपोर्ट करती रही।

बात मतदान की तैयारी की करें, तो भाजपा यहां भी पीछे नहीं है, क्योंकि अपना प्रत्याशी न होते हुए भी उसने तमाम तैयारियों को ठंडे बस्ते में नहीं डाला है। पूर्व में की गई तैयारियों को पोलिंग बूथों के लिए मतदाता सूची सहित अपने पन्ना प्रमुख व बूथ संयोजक को भी सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं होगा कि, भाजपाई जीत दिलाने के लिए कितनी गंभीरता से पोलिंग सैंटरों के बाहर अपने बस्ते लगाए मिलें और वोटर्स की मदद करते दिखें। इसबीच ग्रामीण अंचलों से मिली रिपोर्ट के मुताबिक उनके गांवों में आरएलडी सहित गठबंधन धर्म निभाते हुए भाजपा ने भी वोटर लिस्ट सहित बस्ते भेजे हैं। दूसरी ओर भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने लोगों से निडर होकर मतदान करने की अपील की है। इसी तरह की अपील सपा प्रत्याशी के लिए जिलाध्यक्ष रवींद्र देव यादव ने भी की है।

## गर्मी में पोलिंग पार्टी का सदस्य हुआ बेहोश ,प्राथमिक उपचार के बाद भेजा जिला अस्पताल

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** पेड पौधे ही नहीं शरीर को भी झुलसा देने वाली गर्मी से मतदान कर्मी चुनाव संचालन केंद्र पर पसीनों में तरबतर रहे। एक स्कूल कर्मचारी की तो तबीयत ही बिगड गई। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल भिजवाया गया।

खेकडा का एलसीपी कॉलेज चुनाव संचालन केंद्र है। गुरुवार को वहां से पोलिंग पार्टिया रवाना की गई। पोलिंग पार्टियों में स्कूल कॉलेज के ज्यादातर शिक्षक थे। ये सभी सुबह 10 बजे से पहले ही चुनाव संचालन केंद्र पर पहुंच गए थे।इस



दौरान शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी से सभी बेहाल रहे।

पोलिंग पार्टी में शामिल 53 वर्षीय स्कूल कर्मचारी प्रताप सिंह की तो गर्मी से तबीयत भी बिगड गई। बेहोशी की हालत में पहुंचने पर उसे वहां मौजूद चिकित्सक डा आशीष की टीम ने प्राथमिक उपचार दिया ,फिर उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। चुनाव अधिकारी ने उसके स्थान पर दूसरे कर्मचारी को पोलिंग पार्टी के साथ रवाना किया। सीएचसी अधीक्षक डा मसूद अनवर ने बताया कि ,पोलिंग पार्टी के कर्मियों, पुलिस टीम आदि के दर्जनों कर्मियों को शिकायत के आधार पर उपचार दिया गया।